भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †390
सोमवार, 2 फरवरी, 2026/13 माघ, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

असम के कार्बी आंगलोंग और दिमा हसाओ में पर्यटन के विकास हेतु पहलें

†390. श्री अमरसिंग टिस्सो:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्रीय पर्यटन योजनाओं के अंतर्गत कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों में किसी पर्यटन स्थल का चिह्निकरण और विकास किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान इन जिलों में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु आवंटित और उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इन पहाड़ी जिलों की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता का लाभ उठाते हुए पारिस्थितिक पर्यटन और रोमांच संबंधी पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इन क्षेत्रों में किसी होमस्टे या सामुदायिक पर्यटन पहलों को समर्थन दिया गया है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): यद्यपि पर्यटन स्थलों एवं उत्पादों की पहचान, उनका विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है, तथापि पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को योजना के दिशा-निर्देशों और सरकारी निर्देशों के अनुरूप उनसे परियोजना प्रस्ताव की प्राप्ति तथा निधियों की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। इसके अलावा, मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय क्षेत्रों में होमस्टे के विकास के लिए योजनाबद्ध दिशानिर्देश भी जारी किए हैं। पर्यटन मंत्रालय की योजनाएं असम राज्य सहित संपूर्ण देश में लागू हैं।

भारत सरकार ने 'राज्यों को पूंजी निवेश हेतु विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' नामक योजना के तहत भी देश के प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों के व्यापक विकास और वैश्विक स्तर पर उनकी ब्रांडिंग तथा विपणन के उद्देश्य से परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी नियमित संवर्धनात्मक गतिविधियों के माध्यम से असम सहित देश की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता का लाभ उठाने के लिए पारिस्थितिक-पर्यटन एवं साहसिक पर्यटन का समग्र रूप से संवर्धन करता है। इस तरह के संवर्धन विभिन्न संवर्धनात्मक साधनों जैसे वेबसाइट, कार्यक्रमों, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से किए जाते हैं। इसके अलावा, मंत्रालय ने पारिस्थितिक-पर्यटन के लिए राष्ट्रीय रणनीति एवं राष्ट्रीय साहसिक पर्यटन रणनीति भी जारी किए हैं।

असम राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, प्रशाद और एसएएससीआई नामक योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री अमरसिंग टिस्सो द्वारा असम के कार्बी आंगलोंग और दिमा हसाओ में पर्यटन के विकास हेतु पहलों के संबंध में दिनांक 02.02.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †390 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

असम राज्य में स्वदेश दर्शन (एसडी), एसडी 2.0, सीबीडीडी, एसएएससीआई और प्रशाद योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

योजना/ उप-योजना	क्र. सं.	परियोजना/ अनुभव का नाम	परिपथ/ गंतव्य	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि	जारी राशि (आर)/ उपयोग की गई राशि (यू)/ जारी या उपयोग के लिए अधिकृत राशि (ए)
स्वदेश दर्शन (एसडी)	1.	मानस - प्रोबिटोरा - नामेरी - काजीरंगा - डिब्रू - सैखोवा का विकास	वन्यजीव परिपथ	2015-16	94.68	94.68 (यू)
	2.	तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास	विरासत परिपथ	2016-17	90.98	90.97 (यू)
एसडी 2.0	3.	कोकराझार वेटलैंड का अनुभव	कोकराझार	2023-24	26.68	2.67 (ए)
	4.	सिनामारा टी एस्टेट की पुनर्कल्पना	जोरहाट	2023-24	23.88	2.39 (ए)
सीबीडीडी	5.	पानिधिंग पक्षी अभयारण्य (पर्यावरण - पर्यटन और अमृत धरोहर श्रेणी के अंतर्गत)	शिवसागर	2024-25	9.99	1.00 (ए)
एसएएससीआई	6.	गुवाहाटी में असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान	गुवाहाटी	2024-25	97.12	126.64 (ए)
	7.	शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण	शिवसागर	2024-25	94.76	
प्रशाद	8.	गुवाहाटी और उसके आसपास के क्षेत्रों में कामाख्या मंदिर और तीर्थस्थल का विकास	गुवाहाटी	2015-16	29.80	29.80 (यू)

*****